भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न संख्या : **153**

दिनांक 28 नवम्बर , 2019 / 7 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

## नागर विमानन कंपनियां

* 153. **श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में विगत तीन वर्षों के दौरान वित्तीय संकट का सामना करने वाली नागर विमानन कंपनियों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन कंपनियों द्वारा प्रदान की गई विमान सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का जनहित में ऐसी कंपनियों की सहायता करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

## उत्तर

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )**

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

"नागर विमानन कंपनियां " विषय पर लोक सभा के दिनांक 28.11.2019 के मौखिक प्रश्न (*) संख्या 153 के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ख): अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों का पिछले तीन वर्ष का, वित्तीय निष्पादन, अनुबंध-I के रूप में संलग्न है। अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों द्वारा वहन किए गए यात्रियों (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय) का ब्यौरा, अनुबंध-II के रूप में संलग्न है।

(ग) से (ड.): घाटे पर चल रही गैर-सरकारी एयरलाइनों को, वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की कोई विशिष्ट योजना/प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि कंपनी की वित्तीय व्यवस्था सहित इसका प्रबंधन कार्य, नागर विमानन कंपनियों का आंतरिक मामला है। प्रत्येक एयरलाइन अपने स्वयं के बाजार आकलन और देनदारियों के आधार पर अपनी व्यवसाय योजना को तैयार करती है। कारोबारी योजना के अनुसार वित्तीय संसाधन जुटाना और कुशल प्रचालन सुनिश्चित करना, एयरलाइन की जिम्मेवारी है। सरकार एयरलाइन कम्पनियों के सामने आ रही वित्तीय कठिनाइयों के प्रति सजग है। तदनुसार, सरकार उद्योग की स्थितियों के प्रति निरंतर क्रियाशील रही है और इस सेक्टर के विकास को सुगम और समर्थ बनाने के लिए विशिष्ट उपाय करती रही है। नागर विमानन की सहायता के लिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा उठाए गए प्रमुख उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं:

I. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और गैर-सरकारी प्रचालकों के माध्यम से हवाईअड्डा अवसंरचना मुहैया कराना।

II. देश में, एक कुशल हवाई दिक्चालन प्रणाली मुहैया कराना।

III. संरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के माध्यम से विमानन उद्योग को विनियमित करना।

IV. सभी हितधारकों के साथ नियमित बातचीत करके उनके मुद्दों के समाधान के लिए समन्वय करना।

V. आर.सी.एस 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत चयनित एयरलाइन प्रचालकों को योजना दस्तावेज के अनुसार व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) और अन्य रियायतें मुहैया कराना।

VI. एअर इंडिया, को अनुमोदित योजना के अनुसार वित्तीय सहायता मुहैया कराना।

VII. दिनांक 11 अक्टूबर 2018 से, विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) पर लागू केंद्रीय उत्पाद शुल्क को 14 प्रतिशत से घटाकर 11 प्रतिशत किया जाना।

V|||. माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रावधानों का यौक्तिकरण।

IX. एन.सी.ए.पी. 2016 में दिए गए मानदण्डों के आधार पर मार्ग वितरण दिशा-निदेशों के अंतर्गत श्रेणी-। मार्गों को युक्तियुक्त बनाना।

X. 5/20 संबंधी अपेक्षा को संशोधित किया गया है और सभी एयरलाइनें अंतरराष्ट्रीय प्रचालन आरंभ कर सकती हैं बशर्ते वे 20 विमान या कुल क्षमता का 20 प्रतिशत ( सभी प्रस्थानों पर सीटों की कुल संख्या के औसत की दृष्टि से), इनमें से जो भी अधिक हो, घरेलू प्रचालनों के लिए लगाएं।

X|. वायु सेवा करारों (एएसए) की रूपरेखा के भीतर, भारत में घरेलू कोड शेयर प्वाइंट्स का उदारीकरण।

X||. मौजूदा हवाईअड्डों के लिए उच्च मानक स्थापित करने और उन पर मांग के दबावों को कम करने के क्रम में इन हवाईअड्डों का आधुनिकीकरण करने के उद्देश्य से, ब्राउनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं में स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी गई है। इससे घरेलू विमानन अवसंरचना का विकास सुगम होगा। अनुसूचित हवाई परिवहन सेवा/घरेलू अनुसूचित यात्री एयरलाइनों के लिए स्वचालित मार्ग के अंतर्गत, 49 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति दी गई है। अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए, स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी जाती रहेगी। विदेशी एयरलाइनों को, अनुसूचित और गैर-अनुसूचित हवाई परिवहन सेवाएं प्रचालित करने वाली भारतीय कम्पनियों की प्रदत्त पूंजी में 49 प्रतिशत की सीमा तक निवेश की अनुमति होगी। यह निवेश, अन्य शर्तों के साथ-साथ, इस शर्त के अध्यधीन होगा कि अनुसूचित और गैर-अनुसूचित प्रचालक परमिट केवल उस कम्पनी को प्रदान किया जाएगा जिसका वास्तविक और प्रभावी नियंत्रण, भारतीय राष्ट्रिकों में निहित होगा।

*****

अनुलग्नक-I

लोक सभा के दिनांक 28-11-2019 के मौखिक प्रश्न संख्या 153 के उत्तर में दिए जाने वाला विवरण

वित्त वर्ष 2016-17, 2017-18 और 2018-19 (पी) के लिए अनुसूचित घरेलू वाहकों का वित्तीय निष्पादन। (रुपए में लाखों)

| कैरियर / एयरलाइन | प्रचालन आय | | | प्रचालन खर्च | | | प्रचालन परिणाम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 (पी) | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 (पी) | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 (पी) |
| राष्ट्रीय वाहक | | | | | | | | | |
| एयर इंडिया | 218,596.1 | 230,036.7 | 255,088.3 | 215,615.9 | 246,617.4 | 301,940.9 | 2,980.2 | -16,580.7 | -46 , 852.6 |
| एअर इंडिया एक्सप्रेस | 33,299.3 | 36,196.8 | 41,649.1 | 27,649.9 | 30,725.4 | 37,055.6 | 5,649.5 | 5,471.4 | 4,593.4 |
| एलायंस एयर | 3,756.9 | 5,931.4 | 8,435.5 | 5,080.0 | 7,278.5 | 11,516.2 | -1,323.1 | -1,347.1 | -3,080.7 |
| (क) कुल (राष्ट्रीय) | **255,652.3** | **272,164.9** | **305,172.9** | **248,345.8** | **284,621.3** | **350,512.7** | **7,306.6** | **-12,456.4** | **-45,339.9** |
| अनुसूचित अंतर्देशीय निजी एयरलाइन | | | | | | | | | |
| जेट एयरवेज• | 212,576.7 | 232,570.4 | -- | 212,070.0 | 239,784.5 | -- | 506.6 | -7,214.1 | -- |
| जेट लाइट (पी) लि.• | 12,237.2 | 12,937.6 | -- | 12,369.1 | 13,149.8 | -- | -131.9 | -212.2 | -- |
| गो एयर | 36,205.0 | 46,752.2 | 64.757.6 | 32,116.9 | 41,393.5 | 64,030.7 | 4,088.1 | 5,358.8 | 726.9 |
| स्पाइस जेट | 61,912.7 | 77,950.9 | 91,132.5 | 58,465.9 | 72,735.7 | 93,793.6 | 3,446.8 | 5,215.3 | -2,661.1 |
| इंडिगो | 185,805.0 | 230,208.9 | 284,967.7 | 168,897.0 | 204,442.5 | 289,872.0 | 16,908.0 | 25,766.4 | - 4,904.3 |
| ज़ूम एयर •• | 26.1 | 174.0 | 103.6 | 24.7 | 165.9 | 117.5 | 1.4 | 8.1 | -14.0 |
| एयर एशिया | 9,519.4 | 18,011.3 | 25,116.4 | 10,922.6 | 19,425.7 | 32,146.8 | -1,403.3 | -1,414.4 | -7,030.4 |
| विस्तारा # | 13,899.2 | 21,374.3 | 29,943.8 | 19,392.1 | 26,539.6 | 38,948.5 | -5,492.9 | -5,165.3 | -9 , 004. 7 |
| ब्लू डार्ट | 6,188.4 | 6,713.0 | 7,581.0 | 5,964.3 | 6,438.0 | 7,201.0 | 224.1 | 275.0 | 380.0 |
| ट्रूजेट जेट $ | 1,261.4 | 1,956.8 | 2,681.9 | 2,069.1 | 2,808.2 | 2,857.6 | -807.7 | -851.5 | - 175.5 |
| क्वीकजेट कार्गो $ $ | 330.4 | | | 474.5 | | | -144.1 | | |
| एयर डक्कन ! | | 629.3 | 47.0 | | 764.9 | 336.0 | | -135.5 | -289.0 |
| एयर ओडिसा !! | | 13.9 | 110.0 | | 55.3 | 110.5 | | -41.5 | -0.5 |
| स्टार एयर @ | | | 32.4 | | | 174.3 | | | -141.9 |
| एयर हैरिटेज @@ | | | 3.0 | | | 6.5 | | | -3.5 |
| (ख) के कुल (निजी) | **539,961.5** | **649,292.6** | **506,476.9** | **522,766.4** | **627,703.5** | **529,595.0** | **17,195.1** | **21,589.1** | **- 23,117.9** |
| ग्रैंड कुल (क+ख) | **795,613.8** | **921,457.5** | **811,649.8** | **771,112.1** | **912,324.8** | **880,107.7** | **24,501.7** | **9,132.7** | **- 68,457.8** |

जेट एयरवेज & जेटलाइट * 17 अप्रैल 2019 से परिचालन बंद हो गया ( वित्त वर्ष 2018-19 का अनंतिम वित्तीय विवरण अब तक प्रस्तुत नहीं किया गया।

ज़ूम एयर ** प्रचालन फरवरी 2017 से शुरू हुआ।

विस्तारा # प्रचालन जनवरी 2015 से शुरू हुआ।

ट्रूजेट $ जुलाई 2015 से शुरू हुआ,

क्वीकजेट कार्गो $$ मई 2016 से शुरू हुआ और प्रचालन सितंबर 2017 में बंद हो गया।

एयर डक्कन ! दिसंबर 2017 से प्रचालन शुरू हुआ।

एयर ओडिशा !! फरवरी 2018 से शुरू हुआ प्रचालन,

स्टार एयर @ जनवरी 2019 से शुरू हुआ।

एयर हैरिटेज @@ जनवरी 2019 से शुरू हुआ।

पी- अनंतिम

**लोक सभा के दिनांक 28-11-2019 के मौखिक प्रश्न संख्या 153 के उत्तर में दिए जाने वाला विवरण**

**इंडियन एयरलाइंस द्वारा अनुसूचित घरेलू और अनुसूचित अंतर्राष्ट्रीय सेवाओं में प्रदान की जाने वाली हवाई सेवाएं**

| | | 2016-17 | | | 2017-18 | | | 2018-19 (पी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | एयरलाइन | यात्री (संख्या) | माल ढुलाई (टन) | मेल (टन) | यात्री (संख्या) | माल ढुलाई (टन) | मेल (टन) | यात्री (संख्या) | माल ढुलाई (टन) | मेल (टन) |
| घरेलू | एयर एशिया | 2,668,553 | 9,440 | 0 | 4,984,419 | 10,117 | 0 | 7,291,535 | 28,213 | 0 |
| | एयर कार्निवल | 74,725 | 0 | 0 | 1,008 | 0 | 0 | | | |
| | एयर कोस्टा | 600,581 | 2,003 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | एयर हेरिटेज@@ | | | | | | | 532 | 0 | 0 |
| | एयर इंडिया | 13,734,192 | 63,802 | 10,031 | 14,755,383 | 75,049 | 10,194 | 15,479,331 | 73,036 | 8762 |
| | एयर इंडिया एक्सप्रेस | 110,881 | 579 | 0 | 130,787 | 602 | 0 | 194,080 | 435 | 0 |
| | एयर ओडिशा!! | | | | 117 | 0 | 0 | 3,035 | 0 | 0 |
| | एयर पेगासस | 69,927 | 448 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | एलायंस एयर | 625,411 | 64 | 33 | 1,281,251 | 76 | 38 | 1,597,382 | 83 | 15 |
| | ब्लूडार्ट | 0 | 127,767 | 0 | 0 | 125,579 | 0 | 0 | 120,752 | 0 |
| | एयर डेक्कन! | | | | 2,552 | 0 | 0 | 5335 | 0 | 0 |
| | गो एयर | 8,645,969 | 54,050 | 0 | 10,829,141 | 24,255 | 0 | 12,570,834 | 72,926 | 0 |
| | इंडिगो | 41,600,088 | 149,408 | 14,204 | 48,955,983 | 170,288 | 15,237 | 60,038,171 | 163,256 | 21,163 |
| | जेट एयरवेज | 16,276,098 | 92,555 | 10,131 | 18,550,776 | 130,936 | 9197 | 17,245,149 | 111,084 | 7930 |
| | जेट लाइट (प्रा.) लि। | 2,751,042 | 15,370 | 1600 | 2,757,497 | 15,592 | 1,847 | 2,151,918 | 9112 | 1,498 |
| | क्विक जेट कार्गो $ $ | 0 | 956 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | स्पाइसजेट | 13,236,143 | 53,975 | 0 | 16,130,815 | 66,134 | 0 | 17,655,832 | 88,974 | 0 |
| | स्टार एयर@ | | | | | | | 7385 | 0 | 0 |
| | ट्रू जेट $ | 424,809 | 0 | 0 | 474,123 | 0 | 0 | 643,494 | 0 | 0 |
| | विस्तारा # | 2,926,586 | 31,381 | 0 | 4,434,987 | 41,389 | 0 | 5,438,275 | 53,703 | 0 |
| | ज़ूम एयर ** | 3,593 | 0 | 0 | 27,077 | 0 | 0 | 11,284 | 0 | 0 |
| अंतरराष्ट्रीय | **एयर इंडिया** | 5,864,963 | 113,730 | 3,132 | 6,417,080 | 129,846 | 4519 | 6,803,568 | 142,299 | 4917 |
| | **एयर इंडिया एक्सप्रेस** | 3,309,882 | 9989 | 10 | 3,758,856 | 13,989 | 8 | 4,148,427 | 16,194 | 12 |
| | **गो एयर** | | | | | | | 132,483 | 0 | 0 |
| | **इंडिगो** | 1,931,864 | 13,769 | 0 | 3,185,861 | 22,180 | 0 | 4,704,773 | 24,928 | 0 |
| | **जेट एयरवेज** | 8,028,868 | 145,334 | 814 | 8,483,235 | 189,742 | होकर 1822 | 7,871,182 | 175,760 | 1,635 |
| | **स्पाइसजेट** | 1,678,661 | 6507 | 0 | 1,959,204 | 8513 | 0 | 2,239,282 | 18,430 | 0 |

जूम एयर** का संचालन फरवरी 2017 से शुरू हुआ।

विस्तारा #का प्रचालन जनवरी 2015 से शुरू हुआ।
ट्रू जेट $ संचालन जुलाई 2015 से शुरू हुआ,
क्विक जेट कार्गो$$ ऑपरेशन मई 2016 से शुरू हुआ और सीएएफ प्रचालन सितंबर 2017 तक बंद हो गया
एयर डेक्कन! दिसंबर 2017 से प्रचालन शुरू हुआ
एयर ओडिशा!! फरवरी का प्रचालन2018 से शुरू हुआ
स्टार एयर @का प्रचालन जनवरी 2019 से शुरू हुआ।
एयर हेरिटेज @@ संचालन जनवरी 2019 से शुरू हुआ।
P- अनंतिम